# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक : 27.12.2025 समय : 07.10PM

**मुख्य समाचार,**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने सतना में आज 652 करोड़ रूपए से अधिक की सौगातें दी ।
- पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा सरकार ग्रामीण विकास और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये संकल्पित ।
- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से जनजीवन प्रभावित, कई शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा।

<u>प्रधानमंत्री मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

<u>मुख्यमंत्री लोकार्पण</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सतना में 31 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल और 8 करोड़ 39 लाख रूपये लागत के नवनिर्मित धवारी क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 में मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के नाम से प्रदेश के गांव–गांव तक सस्ती और सुविधाजनक बस परिवहन सेवा प्रारंभ कर दी जाएंगी। वहीं शहरों में लग्जरी बसें चलाई जाएंगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 484 करोड़ 21 लाख रूपये लागत के 6 विकास कार्यो का भूमिपूजन करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। डॉ. यादव ने शासकीय

मेडीकल कॉलेज सतना में आयोजित कार्यक्रम में 650 बिस्तरीय नवीन चिकित्सालय भवन के निर्माण का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री सतना में आयोजित विंध्य व्यापार मेला के कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री—मुख्य सचिव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन हो रहा हैं। कल से शुरु हुए तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन केंद्र और राज्य को एक मंच पर लाकर, देश की मानव पूंजी क्षमता और समावेशिता को बढ़ाने तथा भविष्य में विकास की गति तेज करने के लिए एकीकृत रोडमैप तैयार करेगा।

इस सम्मेलन में 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' विषय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पांच प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्षेत्र—विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं।

ईयर एंडर—टैक्स रिफॉर्म्स

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस वर्ष ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते देखा। विशेष श्रृंखला "सुधारों का वर्ष" में आज हमारे संवाददाता कराधान क्षेत्र में भारत की प्रगति पर जानकारी दे रहे हैं। पेश है

पशुपालन

पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा है कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुपालकों की आय में वृद्धि एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये निरंतर प्रयास कर रही है। आज भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभा हॉल में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों से साझा करते हुए श्री पटेल ने बताया कि पिछले 02 वर्षों में प्रदेश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के पथ पर निरंतर प्रगति की है। उन्होंने कहा कि हमने शासन की विभिन्न योजनाओं और कार्यकमों के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का संकल्प दृढ़ता से निभाया है। श्री पटेल ने कहा कि हमारी सरकार ने गौवंश के संरक्षण और संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में निराश्रित पशुओं के लिए नवीन गौशाला नीति बनाई है।

गुरु गोविंद सिंह – जयंती

खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की 359वीं जयंती आज प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में मनाई जा रही है। इस अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं गुरु गोबिंद सिंह की माताजी और उनके साहिबजादों की शहादत को भी याद किया जा रहा है।

## मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन प्रभावित किया है। प्रदेश के कई शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया । उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते कई जिलों में दिन का तापमान भी 25 डिग्री से नीचे बना हुआ है। घने कोहरे का असर रेल और सड़क यातायात पर साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, हिमालय क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं प्रदेश में प्रवेश कर रही हैं, जिससे सर्दी और बढ़ गई है।

महिला क्रिकेट

भारत और श्रीलंका के बीच चौथा महिला टी–20 क्रिकेट मुकाबला कल शाम सात बजे से तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। भारत ने तीसरे टी–20 मैच में श्रीलंका को आठ विकेट से हराया था। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत तीन–शून्य से आगे है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन की बदौलत अब तक 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलाने में सफलता मिली है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत पिछले आठ महीने में 67 हजार से अधिक शिकायतों का निपटान किया गया है। मंत्रालय के अनुसार, सर्वाधिक 39 हजार से अधिक शिकायतें ई–कॉमर्स क्षेत्र की थीं जिनमें 32 करोड़ रुपये की राशि वापस कराई गई।

## संक्षिप्त समाचार

- बुरहानपुर जिले में पंचायतों के वित्तीय सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से ''कर संग्रहण अभियान'' के तहत करदाताओं को समय पर ''कर'' भुगतान हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- विदिशा जिला मुख्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण पायलट प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की गई है।
- अनूपपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वीबी जी राम जी अधिनियम– 2025 के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं

प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्य से कल सभी ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

- सीहोर जिले में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यूनिसेफ के सहयोग धर्मगुरुओं के लिए एक दिवसीय अनुकूलिकरण और उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ।
- पन्ना जिले में आगामी नव वर्ष पर पर्यटन स्थलों पर खाद्य सुरक्षा के मदद्‌नजर होटल, रिसोर्ट एवं ढाबों का निरीक्षण किया जा रहा है।
- गुना कलेक्टर ने आज गुना विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय सौजना का औचक निरीक्षण किया।